अनुवाद– इदं चत्वारि वादनं बेला अस्ति। शालायाः कार्यं पूर्णमभवत्। घंटिका अवादयत्। बालकाः गृहं न्यवर्तन्त। सायंकालो बभूव। मित्राणि अकथयन् क्रीडितुं चल। चौराः व्यवसायं अन्वेष्टुं चलितवन्तः। एकस्य बालकस्य चौर्यस्य प्रकृतिः आसीत्। सः प्रतिदिनं किंचिदपि चोरयित्वानयति। तस्य माता अस्मात् दुर्व्यसनात् कदापि न न्यवारयत्। सः निपुणः चौरः अभवत्। एकः आरक्षी कर्मकरः तम् गृहीतः। दुष्कर्मणः फलमपि दुष्करो भवति।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

सप्तमः अध्यायः

अपठित गद्यांश

(1)

पृथिव्यां सर्वेषुजीवेषु मानवः श्रेष्ठः। मानवेषु कर्म अधिकृत्य वर्णव्यवस्था वेदेषु वर्णिता। यो जनः अध्ययनादि कर्मणि संलग्नः असौ ब्राह्मणः उच्यते। रक्षाकार्ये संलग्नः क्षत्रिय कथ्यते। व्यवसाये कृषि कर्मणि संलग्नः सन् वैश्य इति उच्यते। सेवाकार्ये संलग्नः शूद्र कथितः। इत्येवं कर्मणा वर्णः न तु जात्या। उक्तमपि ''ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः। उरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रोऽजायत्।

1. उचितं शीर्षकं लिख्यताम् ?
2. गद्यांशस्य सारांशः लिख्यताम् ?

(2)

भारतीय समाजः धर्म जात्यादीनधिकृत्य विविधतां विद्धाति। भाषाऽपि, अस्मिन् समाजे क्षेत्रीय विशिष्टतया एकाधिका। अस्तु बहु भाषा भाषिणः, धर्मानुसारिणः, जातिमूलकश्च वासिनः अत्र, सांस्कृतिक ऐक्यतां वहन्ति। सर्वत्रापि भारते जन्मतः मृत्युपर्यन्तं यानि संस्काराणि क्रियन्ते, तानि सर्वाणि किंचिद भेदेन सर्वैरपि अनुष्ठीयन्ते। वस्त्राभूषणानि अपि तथैव धारयन्ति सर्वे। तीर्थव्रतान्यपि मन्यन्ते सर्वे। एवं संपूर्ण भरते एकैव सांस्कृतिक धारा प्रवहति।

1. शीर्षक लेखनं करोतु ?
2. सार–अंश लिखतु?

(3)

प्राचीन काले जनाः ग्राम्य क्षेत्रे वसन्तः स्वस्थ जीवनं यापयन्तिस्म। सरलं कर्ममयं जीवनं तेषाम् आसीत्। दुर्व्यसनैः परे सर्वे शान्तिपूर्णं निवसन्ति। अधुना यातायात विस्तारेण, आवागमनं सर्वत्र सुकरं जातम्। वैश्वीकरण भावनाऽपि विस्तृता। सुकरं जीवनम् अधुना विलासपूर्णं जातम्। न शरीरं, न जीवनं शान्तिमयम्। सर्वत्र संघर्षः एव दृश्यते। कुत्रचिदपि न शान्तिः।

1. सारांशलेखनं करोतु?
2. उचित शीर्षकं लिख्यताम्?

(4)

प्राचीन भारते ऋषिमहर्षिणां, महात्मनां च वर्णनम् उपलभ्यते। अस्मिन् वैज्ञानिक युगे जाताः अनेके महापुरूषाः। किन्तु ते सर्वे क्षेत्रविशेषमाश्रित्य एव प्रसिद्धिं प्राप्नुवन्। एक एव जनः स्वकर्मणा, सत्य–अहिंसा व्रतधारणेन भारतीय जनानां कल्याणाय कृत संकल्पः आसीत्। गौराड्.गैः सह, सत्याग्रहेण अहिंसामूलकान्दोलनेन च भारतीय स्वतन्त्रतायै अयुध्यत्। भारतीय स्वतंत्रता नायकोऽयं मोहनदास करमचन्द गांधी महोदयः आसीत्। जनाः अस्य त्यागं दृष्टवा ''महात्मा'' शब्देन अलड.कृतवन्तः।

1. सारांश लिखित्वा शीर्षकं लिखतु ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अष्टमः अध्यायः

पत्र लेखनम

1. पितरं प्रति पुस्तकार्थं पत्रम्–

श्रीः

भिलाई नगरम्

23. 10. 2008

परम पूज्यानां पितृचरणानां पादयोः साष्टाङ्.गप्रणामाः।

अत्र अहं कुशली। तत्रापि भवन्तः सर्वेऽपि कुशलिनः इति मन्ये।

अत्र मम पठनं सम्यक् चलति। वार्षिकी परीक्षा निकटा अस्ति। मम पार्श्वे संस्कृतस्य, विज्ञानस्य, मातृभाषायाः पुस्तकानि न सन्ति। अतः अध्ययने कष्टं भवति। भवान् शीघ्रं पुस्तकानि मम कृते प्रेषयतु। विद्यालये शिक्षकाः अपि पुस्तकस्य कृते वदन्ति। मम विद्यालये संस्कृत सम्भाषणवर्गः अभवत्। कृपया भवान् विद्यालयम् आगच्छतु।

मातृचरणयोः अपि मम वन्दनानि। सर्वान् मम कुशलसमाचारं सूचयन्तु। सुरेशं, गीताम् आशीर्वादं सूचयन्तु। पत्रं लिखन्तु।

भवदीयः पुत्रः
इन्दीवरः

2. प्रधानाचार्यस्य कृते प्रार्थना पत्रम् –

सविधे,
श्रीमन्तः प्राचार्यमहोदयाः
शा. उ. मा. विद्यालय ....

विषयः – अवकाशनिमित्तम्।

मान्यवर!

अहं गतदिवसात् शीतज्वरेण पीड़िताऽस्मि। मम शिरोवेदना अस्ति। ज्वरकारणात् बहुदुर्बला जाता कार्श्यमपि प्राप्तवती अस्मि। अतः अद्य विद्यालयम् आगन्तुम् असमर्था। कृपया दिवसद्वयस्यकृते अवकाशं स्वीकृत्य माम् अनुगृहीष्यन्ति श्रीमन्तः एषः मम अचलः विश्वासः अस्ति।

भवताम् आज्ञाकारिणी,
छात्रा–छायारानी
कक्षा–द्वादश 'अ'

दिनाङ्कः
....

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

3. शुल्क – निरसनं हेतु आवेदनपत्रम् –

सेवायाम्
श्रीमन्तः प्राचार्यमहोदयाः
शा. उ. मा. विद्यालय ....
अशोक नगर,

विषयः – शुल्क विषये।

महाशय,

सविनय निवेदनम् अस्ति यत् अहं मुकेश उरॉवः द्वादश वर्गस्य छात्रः अस्मि। अतीव निर्धनः असहायः च छात्रः अस्मि। मम क्रमाङ्.क द्वादश 'ब' मध्ये द्वितीय अस्ति। मम पिता नास्ति। गृहे चतस्त्रः भगिन्यः सन्ति। माता कष्टेन अस्मान् पालयति। विद्यालये मासिकं शुल्कम् अधिकम् अस्ति। अहं तत् शुल्कं दातुं सर्वथा असमर्थः अस्मि। विद्याभारत्याः लक्ष्यमेव अस्ति दीन–हीन गिरिकन्दरासु निवसतां शिक्षाक्षेत्रे सेवा। मम निर्धनतां मनसि निधाय निःशुल्कपठनस्य व्यवस्थां करोतु इति मम करबद्धा प्रार्थना।

अध्ययने मम महती इच्छा अस्ति। कृपया शुल्कमुक्तिं स्वीकृत्य मां कृतार्थयन्तु। अध्ययने सहायतां करोतु। अस्य कृते अहं जीवनपर्यन्तं कृतज्ञः भवानि।

भवताम् आज्ञाकारी
दिनाङ्कः ....
छात्रः–मुकेश उरॉव
कक्षा– द्वादश 'ब'

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

4. पुस्तकप्रेषणविषये प्रार्थना पत्रम् –

सविधे
मान्यः सम्पादकः,
शिशु मन्दिर प्रकाशन, नाला रोड़
पटना–3

दिनाङ्कः
....

महोदय,

भवतः शिशु मंदिरप्रकाशनस्य पुस्तकानि दृष्टवती। पुस्तकानि अध्ययनस्य कृते अति उपयोगीनि सन्ति। पुस्तकानां कृते गतमासे अहं त्रिंशतं(300/–) रूप्यकाणि प्रेषितवती। तस्य प्राप्तिपत्रम् अपि मम पार्श्वे आगतम्। अद्य पर्यन्तं पुस्तकानि न प्राप्तवती अतः बहु चिन्ता भवति। पुस्तक–प्रेषणे किमर्थं विलम्बः जातः। कृपया मम कृते पूर्व सूचितानि पुस्तकानि शीघ्रं प्रेषयन्तु अन्यानि मित्राणि अपि पुस्तकानि इच्छन्ति। भवान् शीघ्रं पत्रं पुस्तकानि च प्रेषयिष्यतीति विश्वसिमि।

भवतः पत्रोत्तरस्य प्रतीक्षां करोमि।

भवदीया
डॉ.रश्मि प्रसाद
संस्कृत आचार्या
सरस्वती शिशु मन्दिरं कड़्बाग,

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

नवमः अध्यायः

निबन्धाः

संकलित – श्री राजमूर्ति पाण्डेय

(1) अस्माकं विद्यालयः

मम विद्यालयस्य नाम राजकमल सरस्वती विद्यामन्दिरम् अस्ति। विद्यालयस्य भवनं मनोहरम् अस्ति। अत्र एकम् उद्यानम् अपि अस्ति। अस्मिन् विद्यालये शिक्षणव्यवस्था सुदृढ़ा अस्ति। अस्माकं प्रधानाचार्यः सरलः विज्ञः च अस्ति। सर्वे आचार्याः सहृदयाः गुणज्ञाः च सन्ति। अहं द्वादशवर्गे पठामि। मम वर्गे पञ्चचत्वारिंशत् छात्राः सन्ति। मम विद्यालये त्रिसहस्त्र छात्राः सन्ति। विद्यालयस्य परीक्षाफलं प्रतिवर्षम् अतीव श्रेयष्करं भवति। अस्माकं विद्यालये न केवलं गणित–विज्ञान–मातृभाषायाः अध्ययन–अध्यापनस्य व्यवस्था अस्ति अपितु संगणक–ललितकला–संस्कृतभाषायाः कृतेऽपि उत्तमा व्यवस्था अस्ति। अस्मिन् विद्यालये शारीरिक–प्रशिक्षण, योगप्रशिक्षणं, संगीतप्रशिक्षणश्च प्रतिदिनं भवति। नैतिकमूल्याधारितं अस्मिन् विद्यालये छात्राणां सर्वाङ्.गीण विकास हेतवे अहर्निशं चिन्तनं प्रचलति। अस्माकं विद्यालयः नगरस्य एकः आदर्शविद्यालयः अस्ति।

(2) आदर्श छात्रः

छत्रं शीलं यस्य सः छात्रः। अर्थात् छत्रम् इव यस्य छात्रस्य आचरणं भवति स एव छात्रः इति कथ्यते। इदानीं विद्याालयेषु यः कोऽपि पठति तान् एव जनाः छात्राः इति कथ्यन्ते। छत्रं स्वयमेव आतपे तपति, वर्षासु आर्द्रः भवति पर स्वाश्रितानां जनानाम् आतपात् निवारयति, वर्षात् रक्षति। एतादृशम् आचरणं यः आचरति सः एव आदर्शछात्रः भवति। सः मातृभक्तः, पितृभक्तः, गुरूभक्तश्च भवति। तस्य भाषा मधुरा भवति। सः सदाचारी, सत्यभाषी च भवति। आदर्शः छात्रः पापात् विभेति। राष्ट्रसेवापरायणः सः आलस्यं त्यक्त्वा अध्ययने निरतः भवति। अहर्निशं विद्यायाः एव चिन्तनं करोति। तस्य दैनन्दिनकार्यक्रमाः सोत्साहं प्रचलन्ति।

(3) हिमालयः

1. भारतस्य उत्तरस्यां दिशि एकः पर्वतः अस्ति।
2. तस्य नाम हिमालयः अस्ति।
3. हिमालयः पर्वतेषु श्रेष्ठः अस्ति।
4. हिमालयः भरतवर्षं रक्षति।
5. अस्य शिखराणि अतीव उन्नतानि सन्ति।
6. तानि सदा हिमेनाच्छादितानि सन्ति।
7. इत्यर्थम् सः हिमालयः कथ्यते।
8. हिमालये मानसरोवरः वर्तते।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

9. अस्य जलं अतीव स्वच्छम् अस्ति।
10. मानसरोवरे हंसाः विहरन्ति।
11. अस्य पर्वतस्य समीपे वनानि सन्ति।
12. अस्य वनेषु सञ्चारः अतीव दुष्करः अस्ति।
13. हिमालये प्राचीन–गुहाः सन्ति।
14. तस्मिन् योगिनः अद्यापि निवसन्ति।
15. हिमालयात् बहवः नद्यः प्रभवन्ति।
16. हिमालयः औषधीनाम् अपि आलयः अस्ति।
17. हिमालयः भारतभालस्य इव।

(4) अनुशासनम्

1. जीवनस्य विविध क्रियाणां नियंत्राणार्थं अनुशासनस्य आवश्यकता भवति।
2. अतः जीवने अनुशासनस्य महती आवश्यकता भवति।
3. अनुशासन–रहितं जीवनं पशुवत् उच्छृंखलं भवति।
4. मानवसमाजस्य अस्तित्वं शोभा च अनुशासनेन एव भवति।
5. ये जनाः अनुशासनस्य स्वयमेव पालनं कुर्वन्ति ते जीवने श्रेयः लभन्ते।
6. अनुशासनेन जनाः विद्या लभन्ते।
7. अनुशासनेन जनाः अर्थम् लभन्ते।
8. अनुशासनेन जनाः सर्वप्रियाः भवन्ति।
9. अनुशासनेन एव समाजे जनाः सम्माननीयाः भवन्ति।
10. अनुशासनेन एव अहर्निशं श्रमं कृत्वा सफलतां लभते।
11. स्वानुशासनं मानवस्य एकं वैशिष्ट्यं अस्ति।
12 सेनायां अनुशासनस्य अत्यधिकं महत्वं भवति।

(5) सदाचारः

1. आचारः परमो धर्मः।
2. परन्तु सतां आचारः एव सदाचारः भवति।
3. सज्जनाः सदैव सत्यं वदन्ति, सत्कर्माणि च कुर्वन्ति।
4. ते कदापि असत्यं न वदन्ति, असत्कर्माणि च न कुर्वन्ति।
5. सदाचारैः ते यशः सुखं नीरोगतां च लभते।
6. अतएव वयमपि तान् अनुसरणं कुर्यात्।
7. सदाचारिणः गुरूणाम् आदरं सम्मानं च कुर्वन्ति।
8. ते सदा गुरूणाम् आज्ञां पालयन्ति।
9. सदाचारैः एव जनाः संसारे उन्नतिम् कुर्वन्ति।
10. सदाचारी एव कीर्तिं भूतिं च लभते।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

11. सदाचारिणः नराः मानं प्राप्नुवन्ति।
12. सदाचारिणः एव ज्ञानं प्राप्नुवन्ति।
13. ते सदैव सन्मार्गे संलग्नाः भवन्ति।
14. ते सदैव सत्कार्येषु तत्पराः भवन्ति।
15. अतएव जनैः सदाचारः पालनीयः।

(6) कविः – कालिदासः

1. कालिदासः न केवलं भारतस्य अपितु विश्वस्य श्रेष्ठतमः कविः आसीत्।
2. अतएव सः कविकुल गुरूः कथ्यते।
3. तस्य जन्मः कदा कुत्र च अभवत् इति अविदितम्।
4. परन्तु सः उज्जयिन्यां अवसत् इति विदितम्।
5. सः उज्जयिन्याः राज्यस्य राजकविः आसीत्।
6. सः महाराजस्य विक्रमादित्यस्य नवरत्नेषु एकः आसीत्।
7. तस्य भार्यानाम् विद्योतमा आसीत्।
8. सा विदुषी आसीत्।
9. कालिदासेन रचिताः सप्तग्रन्थाः प्रसिद्धाः।
10. तेषु अभिज्ञानशाकुन्तलम् जगत्प्रसिद्धम् अस्ति।
11. अस्याः काव्यसौन्दर्यं अपूर्वम् अस्ति।
12. तस्य रचनाः अत्यन्तसरसाः सन्ति।
13. तस्य रघुवंशम् महाकाव्यं अपि अत्यन्तं शोभनं अस्ति।
14. मेघदूतम् गीतकाव्यं सरसं आह्लादकं च अस्ति।
15. कालिदासस्य उपमा अतीव प्रसिद्धाः सन्ति।

(7) राष्ट्स्य एकतायां संस्कृतस्य महत्वम्

राष्ट्रीयएकतायां संस्कृतस्य महद्योगदानम् अस्ति। भारतराष्ट्रे ये पन्थाः सन्ति याश्च भाषाः सन्ति तेषां मूले संस्कृतमेव मुख्य–सूत्र रूपेण अस्ति। यदि क्षेत्रियाः भाषाः वदामः तर्हि सीमितक्षेत्रपर्यन्तमेव अधिका प्रीतिः भवति। संस्कृतसम्भाषणेन सम्पूर्णभारतराष्ट्रस्य कृते आत्मीयता भवति। एकतायाः मूलसूत्रं संस्कृतादेव निर्गता इति मन्ये।

"संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्!
देवा भागो यथा पूर्वो सञ्जानानामुपासते!!"

हे संसारस्य जनाः भवन्तः सार्धं चलन्तु, एकमेव चित्तकाः भवन्तु देवाः एकता कारणादेव सम्पूज्याः जाता। एते एव गुणाः संघटनस्य कृते प्रमुखाः भवन्तीति।

सम्प्रति समाजे, गृहे, ग्रामे, राज्ये, देशे विश्वे च कुत्रापि एकता नैव दृश्यते। किञ्च कारणम् ? कारणम् एकमेव संस्कृतस्य उपेक्षा। संस्कृतं– संस्कृतिं प्रति जागरूकता–नैतिक ज्ञान–आदर्श–चिन्तनम् – एकताभावनायाः विकासः = राष्ट्कल्याणम्। यदा संस्कृतसूर्यस्य उदयः भवति तदा संस्कृतं प्रति

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

जागरूकता भवति, ततः नैतिक ज्ञानं भवति तदा आदर्शचिन्तनं भवति तदैव एकता भावनायाः विकासः भवति। यदा एतस्याः भावनायाः विकासः भवति तदैव राष्ट्रस्य कल्याणं भवति। सम्प्रति भारते अनेकाः समस्याः सन्ति यथा– उच्च–नीच भेदभावः, जातिभेदः, प्रान्तभेदः, भाषाभेदः, उत्तर–दक्षिण भेदः, स्पृश्यापृश्य भेदाः। वयं संस्कृतद्वारा सर्वासां समस्यानां समाधानं कृत्वा भारतस्य एकतां सुदृढ़ां कर्त्तुं शक्नुमः।

(8) दूरदर्शनम्

दूरदर्शनम् आधुनिकविज्ञानस्य एकः अद्भुत आविष्कारः अस्ति। समाचारं, चलचित्रं, सूचनाः क्रीड़ायाः, प्रसारणम्, आदर्शपाठनम्, सरसाः कथाः सम्प्रति दूरदर्शने आनन्देन द्रष्टुं शक्यन्ते। एतत् मनोरञ्जनस्य सर्वोत्तमं साधनं वर्ततेति। अस्य यन्त्रस्य प्रथमः मार्गदर्शकः पालनिपकः आसीत्। ततः जान.एल.वेयर्ड महोदयः एतस्य यन्त्रस्य सफलं प्रयोगं कृतवान्। एतस्य सफलः प्रयोगः आङ्.गलदेशे 1925 तमे वर्षे अभवत्। दूरदर्शनं सञ्चारस्य एकम् उत्तमं साधनम् अस्ति। जीवनस्य सर्वेषु क्षेत्रेषु विशिष्टज्ञानं एतेन प्राप्यते। निखिलस्य संसारस्य समाचारं सचित्रं तत्क्षणं ज्ञातुं शक्यते। सम्प्रति रामायणम्, श्रीकृष्णा, जय हनुमान, शक्तिमान, कैप्टन व्योमादयः उपदेशप्रदाः कथाः सचित्रं प्रदर्श्यन्तेऽति महतः सन्तोषस्य विषयः। अत्र लाभः अस्ति। हानिः अपि अस्ति। दूरदर्शने सम्प्रति अश्लीलचित्राणि अपि प्रदर्श्यन्ते, एतेन विदेशी संस्कृतिः भारते आरोपिताः। दूरदर्शनकारणादेव छात्राः अधिकं दूरदर्शनं पश्यन्ति अतः रूग्णाः, उच्छृड.खलाः, असभ्याः च भवन्ति। अपराधिनः अपि भवन्ति। एतेन एव प्रेरणया समाजे अपराधस्य, दुराचारस्य च सर्वत्र नग्ननर्तनं भवति। भारतीया संसकृतिः एतेन व्यथिता भवति। अतः दूरदर्शने पारिवारिकचित्रं, आदर्श चित्रं कथम् आगच्छेदिति चिन्तनीयम्। तदैव दूरदर्शनं सर्वोत्तं साधनं भवितुं शक्नोति।

(9) पर्यावरण प्रदूषणस्य कारणम्

पर्यावरण शब्दस्य निर्माणम् – परि+आवरणम् शब्देन अभवत्! ''परि'' शब्दस्य अर्थः परितः एवञ्च ''आवरणम्'' शब्दस्य अर्थः आवरणम्। अर्थात् अस्माकं चतुर्षु दिक्षु यतः सम्यक् आवरणम् अस्ति वस्तुतः तदेव पर्यावरणम् इत्युच्यते। अस्मान् सुखस्य कृतं एव प्रकृतिः सर्वत्र एव सुखदस्य आवरण–निर्माणं कृतवती। वयं धनलोलुपाः धनान्धाः मानवाः भौतिके सुखानां अग्निवृष्टौ तं नाशितवन्तः। वाहनानां, यन्त्रागाराणां धूमाः रासायनिकगैस, उच्चाध्वनि, मदिरादयः तं स्वच्छं वातावरणं प्रदूषितां कृतवन्तः। वनस्य कर्तनमपि प्रदूषणस्य एकं प्रमुख कारणम् अस्ति। प्रदूषणस्य प्रमुखतः चत्वारः विभागाः सन्ति वायुप्रदूषणम् जल–प्रदूषणम्, ध्वनिप्रदूषणम्, अणुप्रदूषणंच। सर्वाणि प्रदूषणानि रोगान् वर्धयन्ति एव। जीवनतः सुखशान्ति दूरी करोत्येव।

पुरा प्रदूषणं नासीदेव। अतः जनाः शक्तिशालिनः स्वस्थाः चिरजीविनः भवन्तिस्म। सम्प्रति वयमेव स्वकुकर्मवशात् ध्वनि, जल, वायु, अणु, प्रदूषणं कृत्वा स्वकीयं जीवनं नाशयन्तः स्मः।

सत्यमेव उच्चते–विनाशकाले विपरीत बुद्धिः।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(10) संघे शक्तिः कलौयुगे

एकम् एव उद्देश्यम् लक्ष्यीकृत्य बहूनां जनानाम् एकत्वभावनया कार्यकारणं एव ''संघ'' एकता वा कथ्यते। एकतायाः संघे वा महती शक्तिः भवति। संघशक्त्यैव देशः समाजो लोकश्च उन्नति–पथं प्राप्नुवन्ति। यः देशः शक्ति–संघेण पूर्णः भवति स देशः सम्पूर्ण संसारे सम्माननीयः भवति। अस्माकं देशः एकतायाः संघशक्तेः वा अभावात् एव बहुवर्षाणि पराधीनं जातम्। परं यदा भारतीयेषु एकत्वभावना आगता तदा देशः स्वातंत्र्यमलभत्।

इयं संघशक्तिः न केवलं चेतनेषु अपितु अचेतनेष्वपि महन्महत्वसम्पादिका भवति।
अल्पानामपि वस्तूनां संहतिः कार्यसाधिका।
तृणैर्गुणत्वमापन्नैर्वध्यन्ते मत्तदन्तिनः ।।

यथा एक शक्तियुक्त तृणं क्षुद्रमपि जन्तु बुद्धुं सर्वथा क्षमं भवति किन्तु तृणानां कलापैः समूहैः गुणत्वमापन्नैः मत्ताः गजाः अपि वध्यन्ते। एकः बलवान् वृक्षः, वायुवेगं रोद्धुं न शक्नोति किन्तु वृक्षसमूहाः वृक्षाः तीव्रवायुवेगान् रोद्धन्त्येव। एकः जलबिन्दुः किमपि कर्त्तुं न शक्नोति किन्तु बिन्दुसमूहः सागरः पृथ्वीमपि निमज्जयितुं शक्नोति। यथा एकेन चक्रेण रथः पदात् पदमपि चलितुं न शक्नोति। परं चक्रयुगलेन महता वेगेन प्रधावत्येव । एकया इष्टिकया किमपि न भवति परं इष्टिकाभिः नाकस्पर्धिनः प्रासादाः भवितुं शक्नुवन्ति।

अतएव उच्यते– ''संड्.घे शक्तिः कलौयुगे''।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

दशमः अध्यायः

छन्द परिचय

प्रश्न के विषय में

छन्दों के सम्बन्ध में निम्न प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं–

1. प्रत्येक छन्द में प्रायः कितने चरण (पाद) होते हैं?
2. समवृत्त क्या होता है ?
3. विषमवृत्त क्या होता है ?
4. वर्ण किसे कहते हैं?
5. समान्यतः लघु वर्ण क्या होता है ?
6. गुरूवर्ण क्या होता है ?
7. कब लघु वर्ण को भी गुरु वर्ण मान लिया जाता है ?
8. 'लघु' वर्ण का क्या चिन्ह होता है ?
9. 'गुरु' वर्ण का क्या चिन्ह होता है ?
10. किस गण में सारे वर्ण गुरु होते हैं ?
11. किस गण में सारे वर्ण लघु होते हैं ?
12. 'रमणम्' शब्द में कौन–सा गण है ?
13. शिखरिणी छन्द के प्रत्येक चरण में कितने वर्ण होते हैं ?
14. 'संयमः' शब्द में 'सं' वर्ण लघु है या गुरु ?
15. 'त्वमेव माता च पिता त्वमेव' इसमें दो लघु वर्ण चिन्हित करो ?
16. रिक्त स्थान पूर्ति करके उक्त छन्द की परिभाषा पूरी करो ?
17. उक्त पंक्ति में कौन–सा छन्द है ?
18. अनुष्टुप छन्द का उदाहरण लिखो ?

आगे इन सब बातों पर विचार किया जा रहा है–

1. पद्य बनाते समय वर्णों (अक्षरों) अथवा मात्राओं की जो निश्चित व्यवस्था होती है, उसे छन्द या वृत्त कहते हैं।
2. प्रत्येक पद्य के प्रायः चार भाग होते हैं। इस प्रत्येक भाग को चरण या पाद कहते हैं। प्रत्येक चरण (पाद) में वर्णों (अक्षरों) अथवा मात्राओं की संख्या और क्रम निश्चित होता है।
3. ये वृत्त या छन्द तीन प्रकार के होते हैं–

   (i) समवृत्त – जिस वृत्त या छन्द के चरणों में वर्णों या मात्राओं की संख्या और क्रम समान हो उसे समवृत्त कहते हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(ii) अर्धसमवृत्त– जिस वृत्त या छन्द के प्रथम और तृतीय तथा द्वितीय और चतुर्थ चरणों में वर्णों या मात्राओं की संख्या और क्रम समान हो, उसे अर्धसमवृत्त कहते हैं।

(iii) विषमवृत्त – जिस वृत्त (छन्द) के चारों चरणों में वर्णों या मात्राओं की संख्या असमान होती है उसे विषमवृत्त कहते हैं।

4. पद्य का प्रत्येक चरण वर्ण या मात्राओं से निर्मित होता है। वर्ण शब्द के उतने अंश को कहते हैं जितना कि उच्चारण के एक प्रयत्न से होता है अर्थात् छन्दःशास्त्र में एक या एकाधिक व्यंजनों के सहित या रहित एक स्वर को वर्ण (अक्षर) कहते हैं।

5. ये वर्ण छन्द की दृष्टि से दो प्रकार का होता है– लघु और गुरु! सामान्यतः ह्रस्व स्वर से लघु वर्ण का है और दीर्घ स्वर से गुरु वर्ण का परन्तु निम्न दशाओं में लघु वर्ण को भी गुरु वर्ण मान लिया जाता है –

(i) ह्रस्व स्वर के अनुस्वारयुक्त होने पर लघु वर्ण को भी गुरु वर्ण मान लिया जाता है। जैसे ''रामं'' में 'म' गुरु माना जायेगा।

(ii) ह्रस्व स्वर के विसर्ग–युक्त होने पर लघु वर्ण को गुरु मान लिया जाता है। जैसे– ''रामः'' म वर्ण गुरु माना जाएगा।

(iii) ह्रस्व स्वर के बाद संयुक्त व्यंजन होने पर भी लघु वर्ण को गुरु मान लिया जाता है। जैसे– ''भक्त'' में 'भ' वर्ण गुरु माना जाएगा।

(iv) पद्य के किसी चरण का अन्तिम वर्ण लघु होते हुए भी आवश्यकतानुसार गुरु मान लिया जाता है। गुरु वर्ण के लक्षण के बारे में निम्नलिखित श्लोक प्रसिद्ध है–

> सानुस्वारश्च दीर्घश्च विसर्गी च गुरु र्भवेत्।
> वर्णः संयोगपूर्वश्च तथा पदान्तगोऽपि वा ।।

6. गुरु तथा लघु वर्णों के लिए निम्नलिखित चिन्हों का प्रयोग होता है–

(i) गुरु वर्ण = ऽ अथवा –

(ii) लघु वर्ण = । अथवा –

7. गणव्यवस्था– तीन वर्णों (अक्षरों) के समूह को गण कहते हैं। ये गण आठ होते है – मगण, नगण, भगण, यगण, जगण, रगण, सगण, तगण,। इन गणों की परिभाषा निम्नलिखित पद्य में दी गई है–

> मस्त्रिगुरुस्त्रिलघुश्च नकारो
> आदिगुरुः पुनरादिलघुर्यः।
> जो गुरुमध्यगतो रलमध्यः
> सोऽन्तगुरुः कथितोऽन्तलघुस्तः।।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अर्थात् –

1. म (मगण) में तीनों वर्ण गुरू होते है, जैसे– रामाणां = SSS
2. न (नगण) में तीनों वर्ण लघु होते हैं, जैसे– अरिषु = ।।।
3. भ (भगण) में आदि वर्ण गुरू होता है जैसे– व्याधिषु = S।।
4. य (यगण) में आदि वर्ण लघु होता है जैसे– मुनिभ्यां = ।SS
5. ज (जगण) में मध्यवर्ती वर्ण गुरू होता है जैसे– नृपेण = ।S।
6. र (रगण) में मध्यवर्ती वर्ण लघु होता है जैसे– वीँना = S।S
7. स (सगण) में अंतिम वर्ण गुरू होता है जैसे– कपिना = ।।S
8. त (तगण) में अंतिम वर्ण लघु होता है जैसे– रामेषु = SS।

अब नीचे कुछ वैदिक और कुछ लौकिक छन्दों का परिचय दिया जा रहा है।

(क) वैदिक छन्द

1. गायत्री – आठ वर्णों के तीन चरणों वाला समवृत्त।

   लक्षण – गायत्री छन्द में तीन चरण होते हैं। प्रत्येक चरण में आठ वर्ण होते हैं। प्रत्येक चरण में पाँचवाँ वर्ण लघु और छठा वर्ण गुरू होता है। जैसे–

   पावका नः सरस्वती
   वाजेभिर्वाजिनीवती।
   यज्ञं वष्टु धिया वसुः।।

2. अनुष्टुप्– आठ वर्णों वाला समवृत्त

   लक्षण– अनुष्टुप् छन्द के चार चरण होते है। प्रत्येक चरण में आठ वर्ण होते हैं जिनमें पाँचवाँ वर्ण लघु व छटवाँ वर्ण गुरु होता है। इसके पहले और तीसरे चरण में सातवाँ वर्ण गुरु और दूसरे और चौथे चरण में लघु होता है। जैसे–

   त्रयम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
   उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्।।

नोट – छन्द की पूर्ति के लिए त्रयम्बकं को त्रियम्बकं पढ़ते हैं।

3. त्रिष्टुप्– ग्यारह वर्णों वाला समवृत्त

   लक्षण– इस छन्द में चार चरण होते हैं और प्रत्येक चरण में ग्यारह वर्ण होते हैं। जैसे–

   (i) द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया,
   समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
   तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्ति,
   अनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति।।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(ii) यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रेऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय
तथा विद्वान् नामरूपाद् विमुक्तः परात्परं पुरूषमुपैति दिव्यम्।।

(ख) लौकिक छन्द

1. अनुष्टुप् – आठ वर्णों वाला समवृत्त।

लक्षण – श्लोके षष्ठं गुरुर्ज्ञेयं सर्वत्र लघु पंचमम्।
द्विचतुः पदयोर्ह्रस्वं सप्तमं दीर्घमन्ययोः।।

अर्थात् अनुष्टुप् (श्लोक) छन्द के चार चरण होते हैं। प्रत्येक चरण का छठा वर्ण गुरु ओर पाँचवाँ वर्ण लघु होता है। दूसरे और चौथे चरण में सातवाँ वर्ण लघु और पहले एवं तीसरे चरण में सातवाँ वर्ण गुरु होता है। जैसे–

(i) यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।।

(ii) ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव।
सुतं त्वमपि सम्राजं सेव पुरुमवाप्नुहि।।

2. इन्द्र वज्रा – ग्यारह वर्णों वाला समवृत्त । (त त ज ग ग)

लक्षण – स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः।

अर्थात् इन्द्रवज्रा छन्द के चारों चरणों में वर्णों का क्रम निम्नलिखित होता है – दो तगण (ऽऽ।,ऽऽ।), जगण (।ऽ।) और दो गुरू (ऽऽ)। जैसे–

स्वर्गच्युतानामिह जीवलोके, चत्वारि चिन्हानि वसन्ति देहे।
दानप्रसड्.गो मधुरा च वाणी, देर्वाचनं पण्डितत्र्प्रणंच।।

अलंकार– परिचय

अलंकरोतीति अलंकारः अर्थात् अलंकृत करने वाले तत्व को अलंकार कहते हैं। जिस प्रकार आभूषण शरीर की शोभा वृद्धि करते हैं, उसी प्रकार काव्यक्षेत्र में अलंकार काव्य की शोभा में वृद्धि करते हैं, काव्य की शोभा बढ़ाने वाले ये अलंकार तीन प्रकार के होते हैं– शब्दालंकार, अर्थालंकार और उभयालंकार। शब्द पर आश्रित अलंकार शब्दालंकार कहलाते हैं। जैसे– अनुप्रास, यमक आदि । अर्थ पर आश्रित अलंकार अर्थालंकार कहलाते हैं। जैसे– उपमा उत्प्रेक्षा आदि। शब्द और अर्थ दोनों पर आश्रित अलंकार उभयालंकार कहलाते हैं। जैसे– श्लेष । शब्दालंकार शब्द की शोभा को, अर्थालंकार अर्थ की शोभा को और उभयालंकार शब्द और अर्थ दोनों की शोभा को बढ़ाते हैं।

नीचे कुछ अलंकारों का लक्षण और उदाहरण के साथ परिचय दिया जा रहा है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

1. अनुप्रास

लक्षण– (क) अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत्। (साहित्यदर्पण)

अर्थात् स्वर की विषमता होने पर भी शब्दसाम्य (वर्ण अथवा वर्ण समूह की आवृत्ति) को अनुप्रास कहते है। जैसे निम्न पद्य में अनुप्रास अलंकार है–

वहन्ति वर्षन्ति नदन्ति भान्ति, ध्यायन्ति नृत्यन्ति समाश्वसन्ति।
नद्यो घना मत्तगजा वनान्ताः, प्रियाविहीनाः शिखिनः प्लवंगमाः।।

उपर्युक्त पद्य के पहले दो चरणों में अनुप्रास अलंकार का सुन्दर प्रयोग है, क्योंकि इसमें 'अन्ति' (अ न् त् इ) वर्णसमूह की आवृत्ति है।

(ख) अथवा – वर्णसाम्यमनुप्रासः। (समान वर्णों की आवृत्ति को अनुप्रास कहते हैं) ।

2. यमक

लक्षण – सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यंजनसंहतेः।
क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते।। (साहित्यदर्पण 108)

अर्थात् वर्ण–समूह की उसी क्रम से आवृत्ति को यमक कहते हैं परन्तु पुनरावृत्ति वाला वर्ण–समुदाय या तो भिन्नार्थ हो, या अंशतः निरर्थक हो या पूर्णतः निरर्थक हो। जैसे निम्न पद्य में यमक अलंकार है–

प्रकृत्या हिमकोशाढ्यो दूरसूर्यश्च साम्प्रतम्।
यथार्थनामा सुव्यक्तं हिमवान् हिमवान् गिरिः।।

यहाँ पर हिमवान् वर्ण– समूह की उसी क्रम से पुनरावृत्ति हुई है और पुनरावृत्ति वाला यह वर्ण–समूह भिन्नार्थक है, अतः यहाँ यमक अलंकार है।

3. उपमा

लक्षण – (क) साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्ये उपमा द्वयोः (साहित्यदर्पण)

अर्थात् एक वाक्य में दो (उपमेय और उपमान) के वैधर्म्यरहित सादृश्य को उपमा अलंकार कहते हैं। जैसे निम्न श्लोक में उपमा अलंकार है–

ययातेरिव शर्मिष्ठा भतुर्बहुमता भव।
सुतं त्वमपि सम्राजं सेव पुरुमवाप्नुहि।।

(ख) 'साधर्म्यमुपामभेदे' दो वस्तुओं में भेद रहने पर भी जब उनका साम्य प्रतिपादित किया जाए तो वहॉ उपमा अलंकार होता है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

4. रूपक

लक्षण– (क) रूपकं रूपितारोपो विषये निरपह्नवे। (साहित्यदर्पण)

न छिपाए गए विषय (उपमेय) में विषयी (उपमान) का आरोप रूपक अलंकार कहा जाता है उदाहरणतः निम्नलिखित श्लोक में रूपक अलंकार है–

विद्या नाम नरस्य रूपमधिकं प्रच्छन्नगुप्तं धनं
विद्या भोगकरी यशःसुखकरी विद्या गुरूणां गुरुः ।
विद्या बन्धुजनो विदेशगमने विद्या परा देवता
विद्या राजसु पूज्यते न तु धनं विद्याविहीनः पशुः ।।

(ख) तद्रूपकम् अभेदो यः उपमानोपमेयपोः।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

एकादशः अध्यायः

संस्कृत साहित्य का इतिहास

प्रश्न– संस्कृत भाषा पर टिप्पणी लिखकर उसके विकास पर प्रकाश डालिए?

उत्तर–विश्व की प्राचीनतम भाषा संस्कृत भारतीय सभ्यता व संस्कृति का कोष है। इसकी प्राचीनता का प्रमाण यह है कि वैदिक काल से आधुनिककाल तक की रचनाएँ सुरक्षित ही नहीं हैं, अपितु उनका उच्चारण क्रम आज भी वैसा ही है। देववाणी गीर्वाणवाणी अथवा सुरभारती नाम से व्यवहृत इस अमरवाणी मे वैज्ञानिक, दार्शनिक किंवा मानवीय सभी पक्षों पर आधारित बहुमुखी साहित्य उपलब्ध है। इसका एक मात्र आदर्श है वसुधैव कुटुम्बकम्।

इसका सम्बन्ध भारत–यूरोपीय भाषाओं से है। ग्रीक, लैटिन अंग्रेजी आदि भी इसी परिवार से सम्बद्ध हैं। इन भाषाओं के पर्याप्त शब्दों की उच्चारण–ध्वनियाँ बहुत समान हैं। यूरोपीय विद्वानों ने तुलनात्मक दृष्टिकोण से इन भाषाओं का अध्ययन किया है। ऐतिहासिक अध्ययन की दृष्टि से संस्कृत का सर्वाधिक महत्व है।

भारत की हिन्दी मराठी, गुजराती, बंगला आदि सभी आधुनिक भाषाएँ तथा दक्षिण भारत की तमिल, तेलगू, मलयालम् आदि भाषाएँ संस्कृत से ही जन्मी है। संस्कृत वस्तुतः एकता का मूल है। अतएव कहा गया है–

उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैवदक्षिणम्।
तद्वर्ष भारतं प्राहुर्भारती यत्र सन्ततिः।

समुद्र के उत्तर और हिमालय के दक्षिण में स्थित देश भारत कहलाता है । वहाँ की प्रजा भारती कहलाती है।

संस्कृत भाषा का विकास–क्रम इस प्रकार है–

(क) प्राचीन आर्य भाषा काल (20000 ई.पूर्व से 500 ई.पूर्व) इस काल में संस्कृत का रूप वैदिक रूप रहा।

(ख) मध्यकालीन आर्य भाषा काल (500 ई. पूर्व से 1000 ई.) संस्कृत से परिवर्तित, पालि, प्राकृत एवं अपभ्रंश के रूप में संस्कृत विकृत हुई और वह शिक्षित समाज की भाषा रही। जन–सामान्य में संस्कृत के प्रति सम्मान पूर्ववत् रहा।

(ग) आधुनिक आर्य भाषा काल (1000 ई. से अब तक) संस्कृत से अपभ्रंश का अपभ्रंश से हिन्दी, मराठी आदि का विकास हुआ। संस्कृत शिक्षित समाज की भाषा बनी रही। प्रादेशिक भाषाओं की रचनाओं में भी संस्कृत लब्धप्रतिष्ठ रही । विदेशी शासन के आगमन से तुर्की, अरबी एवं फारसी के शब्द आर्य भाषाओं में सम्मिलित हुए परन्तु संस्कृत उनसे प्रभावित न हो सकी।

इस प्रकार विकसित होती हुई संस्कृत भाषा शनैः–शनैः परिवर्तित होती रही। पाणिनि (500 ई. पूर्व) ने उसे परिनिष्ठित कर दिया। संस्कृत में भी ग्रन्थ रचे जाते रहे, परंतु अन्य पालि, प्राकृत आदि

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

का साहित्य अधिक विकसित होने लगा। पाणिनि–व्याकरण का अनुसरण करने वाले संस्कृत–साहित्य को लौकिक साहित्य कहते हैं। वैदिक भाषा से भिन्न आर्ष प्रयोगों से युक्त रामायण, महाभारत आदि पाणिनि से पूर्ववर्ती ग्रन्थ भी उसी के अंतर्गत आते हैं । वैदिक भाष के अंतर्गत प्राचीनतम ऋग्वेद की गणना होती है। ऋग्वेद में भी भाषा में एकरूपता का अभाव है। वैदिक संहिताओं की व्याख्या अथवा अनन्तरकालीन साहित्य ब्राम्हण, आरण्यक एवं उपनिषद् कहलाया।

रामायण, महाभारत को वैदिक एवं लौकिक साहित्य का संधि–काल कहा जा सकता है । पाणिनि अपने व्यापक ग्रन्थ अष्टाध्यायी के अनुसार वैदिक भाषा को 'छान्दस्' कहा तथा सामान्य लौकिक संस्कृत को 'भाषा' कहा। पाणिनि का व्याकरण इतना ख्यात हुआ कि अन्य सभी साहित्यकारों ने उनके व्याकरण का अनुगमन कर ही साहित्य की रचना की।

प्रश्न – वैदिक एवं लौकिक संस्कृत का अंतर स्पष्ट कीजिए।

वैदिक संस्कृत	लौकिक संस्कृत
1. संहिताएँ, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् इसके अन्तर्गत हैं।	1. वेदाङ्.ग, रामायण महाभारत, नाटक काव्य साहित्य आयुर्वेद आदि इसके अन्तर्गत हैं।
2. यज्ञ कराने वाले कर्मकाण्ड ग्रन्थ इसके अन्तर्गत हैं ।	2. इस साहित्य में सामाजिक साहित्य ही लिखा गया है।
3. पहले पद्य पुनः गद्य का प्राधान्य रहा	3. पद्य अधिक, गद्य कम रचा गया।
4. छन्दों में भी पृथकता आई।	4. त्रिष्टुप्, जगती आदि वैदिक छन्दों का अभाव रहा।
5. शब्द–रूप अधिक जैसे–गन्तुम्, गन्तवे, गन्तोः आदि (जाने के लिए)	5. शब्द रूप कम जैसे केवल गन्तुम् जाने के लिए।
6. आर्य भाषाओं में इसका अभाव है। अतः वैदिक साहित्य की 500 ई.पू. में ही समाप्ति हो गई।	6. आर्य भाषाओं में इसका प्राधान्य है। संस्कृत से प्राकृत, पालि एवं अपभ्रंश का विकास हुआ। प्राकृत के महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी आदि रूप विकसित हुए। महाराष्ट्री से मराठी, शौरसेनी से हिन्दी अपभ्रंश से पहाड़ी।

प्रश्न – वैदिक साहित्य का परिचय दीजिए।

उत्तर – 2000 ई.पू. से 500 ई.पू. तक रचा गया वैदिक साहित्य मूलतः कर्मकाण्ड से सम्बद्ध धर्मप्रधान साहित्य है। कहीं–कहीं उसमें तात्कालिक सामाजिक जीवन के विविध चित्र भी उभरे दिखाई देते हैं। वैदिक साहित्य के चार रूप हैं–

1. संहिता, 2. बाह्मण, 3. आरण्यक एवं 4. उपनिषद् ।

1. संहिता – वैदिक मन्त्रों को संहिता कहते हैं। ये चार हैं – 1. ऋग्वेद संहिता, 2. यजुर्वेद संहिता, 3. सामवेद संहिता तथा 4. अथर्ववेद संहिता। ये चारों संहिताएँ यज्ञ कराने वाले ऋत्विजों के

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कारण भिन्न हैं। जैसे – 1. होता यज्ञ में देवताओं की स्तुति करता है। इसका सम्बन्ध यजुर्वेद और ऋग्वेद से है। 2. अध्वर्यु यज्ञ का विधिवत् सम्पादन करता है। इसका सम्बन्ध ऋग्वेद से लिए गये तथा मूल रूप में विद्यमान सामवेद से है। 3. ब्रह्मा यज्ञ में होने वाली त्रुटियों का निराकरण करता है। सभी संहिताओं से सम्बद्ध होते हुए भी इसका अधिक सम्बन्ध अथर्ववेद से है। अनेक शाखाओं का परिगणन होते हुए भी आज कुछ संहिताएँ ही उपलब्ध हैं।

2. ब्राह्मण – वैदिक संहिताओं के मन्त्रों की व्याख्या ही ब्राह्मण कहलाती है। व्याख्या के साथ–साथ उनमें नैतिक सामाजिक तथा राजनीतिक चर्चाओं का समावेश भी हो गया। प्रत्येक वेद का पृथक् – पृथक् ब्राह्मण है।

3. आरण्यक – अरण्य (वन) में रचे जाने से इन्हें आरण्यक कहते हैं। उनमें वैदिक कर्मकाण्ड, अनुष्ठान की उत्पत्ति एवं महत्व वर्णित हैं । प्रत्येक वेद का आरण्यक भी पृथक्–पृथक् है। इसमें संन्यास की प्रधानता दी गई है।

4. उपनिषद् – दर्शन शास्त्र के विवेचन–ग्रन्थों को उपनिषद् कहते हैं। इनमें मुख्यतः गुरु एवं शिष्य के संवाद हैं । उनमें आत्मा, ब्रह्मा एवं संसार के रहस्यों का प्रकाशन किया गया है। वैदिक साहित्य का अंतिम भाग होने से इन्हें वेदान्त भी कहते हैं ।

प्रश्न – वेदांगों के स्वरूप का परिचय देकर इनके भेद बताइए।

उत्तर – वैदिक साहित्य के विविध पक्षों की व्याख्या करने वाले साहित्य को वेदांग कहते हैं। इनके छः भेद हैं– 1. शिक्षा (मन्त्रों के उच्चारण की विधि), 2. कल्प (कर्मकाण्ड तथा आचार), 3. छन्द (अक्षरों की गणना के अनुसार पद्यात्मक मंन्त्रों का नामकरण), 4. निरुक्त (वैदिक शब्दों की व्युत्पत्ति एवं व्याख्या), 5. व्याकरण (शब्दों की सिद्धि का प्रकार), तथा 6. ज्योतिष (यज्ञ के समय का निरूपण तथा तिथि, ऋतु, नक्षत्र आदि का ज्ञान) ।

यह सभी वेदांग सूत्रात्मक हैं। कर्मकाण्ड से सम्बद्ध कल्प ग्रन्थों को इनसे भिन्न सूत्र साहित्य के अन्तर्गत रखा जाता है। सूत्र ग्रन्थ भी चार प्रकार के हैं । 1. श्रौतसूत्र–इनमें वैदिक यज्ञों की प्रक्रिया का निरूपण हैं, 2. गृह्यसूत्र–इनके अंतर्गत पारिवारिक कर्मकाण्ड का निरूपण हैं। 3. धर्मसूत्र–इनमें धार्मिक नियमों, कर्तव्यों एवं अधिकारों का वर्णन किया गया है । 4. शुल्वसूत्र–इनमें यज्ञवेदिका संबंधी विवरण दिया गया है ।

प्रश्न– ऋग्वेद पर टिप्पणी लिखिए ।

उत्तर – सप्तसिन्धु प्रदेश के आर्यो की धार्मिक एवं दार्शनिक भावना का संग्रह ही ऋग्वेद कहलाता है। ऋग्वैदिक सांस्कृतिक चेतना अद्यावधि विद्यमान है। इसके रचना–काल के संबंध में निर्णय करना बहुत कठिन है । भारतीय परम्परा अनुसार ऋग्वेद अपौरुषेय एवं अनादि हैं। विदेशी विद्वान् इस मत से सहमत नहीं है, परन्तु किसी एक काल–निर्णय पर वे नहीं पहुँच पाये हैं। कतिपय विद्वान् इसका समय 6000 ई. पूर्व से 1300 ई.पूर्व का स्वीकार करते हैं। कतिपय इससे असहमत होकर अधिकाधिक 2000 ई.पू. को इसका उत्पत्तिकाल मानते हैं। ऐसा स्वीकार किया जाता है कि सिन्धु घाटी

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

के वासियों के साथ आर्यों का युद्ध हुआ था। जो पणि, दास या अरि कहलाते थे। विभिन्न परिवारों में बिखरे मन्त्रों का संग्रह ही ऋग्वेद में उपलब्ध है। ऋचाओं का संग्रह होने से ही इसे ऋग्वेद कहते हैं ।

ऋग्वेद 10 मण्डलों में विभक्त हैं, 1028 सूक्त हैं। ऋचाओं के संग्रह को सूक्त कहते हैं। एक मण्डल में एक ही ऋषि द्वारा संगृहीत मन्त्र है। कुछ मण्डल इसका अपवाद हैं। ऋषिकाओं ने भी मन्त्रों का संग्रह किया है, जिनमें लोपामुद्रा, अपाला, रोमशा, प्रमुख हैं। इसमें कुछ 10580 ऋचाएँ हैं। सभी मण्डलों में प्रथम एवं दशम बड़े हैं। इनमें छोटे वशों के ऋषिओं की रचनाएँ हैं। इन्हें बाद की रचना माना जाता है, क्योंकि इनमें दार्शनिक, लौकिक विचारों की अभिव्यक्ति हुई है । इनकी अनेक शाखाओं में से केवल शाकल शाखा ही उपलब्ध है। इसमें आर्यों की परम्परागत धार्मिक, सामाजिक एवं दार्शनिक विचारधाराओं का निरूपण हैं। देवताओं की कल्पना भी आर्यो ने की थी, जिनमें अग्नि एवं इन्द्र प्रमुख हैं। अन्य देवताओं में सविता, रुद्र, मित्र, वरूण सूर्य एवं उषा का वर्णन हैं इन सभी देवताओं का नियामक ईश्वर एक ही हैं, जिसे हिरण्यगर्भ कहते हैं। पर्वत एवं समुद्र आदि भी उसी हिरण्यगर्भ के अनुशासन का पालन करते हैं।

जिन लौकिक विषयों का यहाँ वर्णन है, वे हैं–द्यूतक्रीडा, मण्डूकों की ध्वनि, विवाह की विधि एवं दान की महिमा आदि। उषा संबंधी लालित्यपूर्ण सूक्तों को गीतिकाव्य का स्तोत्र कहा जाता है।

यहाँ पुरुष–सूक्त में सृष्टि–प्रक्रिया का, नासदीय सूक्त में सृष्टि की रहस्यात्मकता का वर्णन हैं। कुछ संवाद–सूक्त भी हैं। जैसे–पुरूरवा–उर्वशी एवं यमयमी संवाद आदि जो नाटकों का स्त्रोत माने जाते हैं। इस प्रकार ऋग्वेद प्राचीन संस्कृत एवं सभ्यता का एक अद्भुत ग्रंथ हैं।

प्रश्न – यजुर्वेद पर टिप्पणी लिखिए।

उत्तर – अनुष्ठान–विषयक् मंत्रों के संग्रह को यजुर्वेद कहते हैं। इसकी 101 शाखाएँ थीं। इसके दो भाग हैं कृष्ण एवं शुक्ल। कृष्णयजुर्वेद की मुख्य संहिता हैं– तैत्तरीयसंहिता, शुक्लयजुर्वेद की वाजसनेयी। दक्षिण भारत में प्रचारित कृष्णयजुर्वेद की शाखाएँ हैं– मैत्रायणी काठक एवं कपिष्ठल। वाजसनेयी संहिता में 40 अध्याय हैं। इनमें दर्शपूर्णमास, अग्निहोत्र, चातुर्मास एवं अश्वमेध आदि यज्ञों का वर्णन है। इसके जाने माने 16वें अध्याय में रूद्र के विविध रूप को नमस्कार किया गया है। 34वें में शिवसंकल्प की प्रार्थना है। 35वें में पितरों की प्रार्थना हैं। 40वें अध्याय को ईशावास्योपनिषद् कहा जाता है, इसमें ईश्वर को संसार का नियामक कहा गया है ।

यजुर्वेद में गद्य एवं पद्य दोनों रूप हैं । पद्यात्मक मन्त्रों में राष्ट्रीय भावना को मुखरित किया गया हैं । पद्यात्मक मन्त्र कर्मकाण्ड से सर्वाधिक उपयोगी हैं । अतः अधिकतर भाष्यकारों ने यजुर्वेद पर भाष्य किया है।

प्रश्न – सामवेद एवं अथर्ववेद पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

उत्तर – (क) सामवेद में मंत्रों के द्वारा उद्‌गाता देवताओं का आवाह्न करता हैं। अतः सामवेद का गान किया जाता है, पाठ नहीं। इसकी 1000 शाखाओं में से केवल तीन–चार उपलब्ध हैं। कौथुम शाखा ही सर्वाधिक लोकप्रिय है। सामवेद छन्दोबद्ध है। इसमें केवल 75 मंत्रों को छोड़ सभी मन्त्र ऋग्वेद से लिये गए हैं। इसके दो भाग है, 1. पूर्वार्चिक तथा 2. उत्तरार्चिक। अग्नि, इन्द्र, पवमान

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

तथा आरण्य के रूप में मंत्रों का विभाजन किया गया है । उत्तरार्चिक में दशरात्र संवत्सर एवं एकाह के विषय है। उसमे ग्रामगेय की संख्या अधिक है। अरण्यगान में संकटपूर्ण एवं वर्जित रागों का संकलन है। उहगान तथा उह्यगान में यज्ञ कार्यों में सामगान की क्रमबद्धता का वर्णन है। सामवेद में संगीत की प्रधानता है। इसके रागों का विकास धार्मिक एवं सांस्कृतिक है।

(ख) अथर्ववेद – इसमें यज्ञ से भिन्न विषयों का संकलन है। इसको अथर्वाड्ि.गरस् वेद कहा जाता था। इसके रचयिता दो हैं– अथर्वा एवं अंड्ि.गरा। अथर्वा ने शान्तिपरक जनकल्याणकारी मन्त्रों का संग्रह किया है, तो अड्ि.गरा ने हानिकारक मन्त्रों का। इसमें 20 काण्ड हैं, जिनमें 731 सूक्त एवं 5849 मन्त्र हैं। 1200 मन्त्र ऋग्वेद के ही हैं। प्रारम्भिक काण्डों का संकलन क्रमशः विस्तारपरक है। उत्तरोत्तर काण्डों का आकार लघु होता गया है। इसमें लौकिक विषयों को प्रधानता दी गई है। इसमें मारण, मोहन एवं उच्चाटन, शत्रुनाश, इष्टवस्तु का लाभ, पितृपूजा आदि का विवेचन किया गया है, ब्रह्मचर्य के महत्व पर प्रकाश डाला गया है।

इसमें ब्रह्म, तपस् एवं असत् आदि दार्शनिक विचारों का भी वर्णन है। लोक–प्रचलित विश्वासों का प्रतिपादक होने के नाते इसका स्वतंत्र अस्तित्व है।

प्रश्न– ब्राह्मण–ग्रन्थों का संक्षिप्त परिचय दीजिये ।

उत्तर – भारतीय परम्परानुसार ब्राह्मण भी वेद ही हैं, परन्तु आधुनिक विद्वान, ब्राह्मणों को वेद नहीं कहते । वेदों की कर्मकाण्डपरक व्याख्या को ब्राह्मण कहते हैं। इनमें धार्मिक, सामाजिक तथा दार्शनिक विषयों का समावेश है। सृष्टि से सम्बद्ध पौराणिक कथाएँ भी इनमें उपलब्ध होती हैं। मत्स्य द्वारा सृष्टि की रक्षा (मत्स्योपाख्यान) शुनःशेप की बलि से रक्षा (शुनःशेपाख्यान) आदि यहाँ वर्णित है। प्रत्येक वेद का पृथक ब्राह्मण है। ऋग्वेद से सम्बद्ध ब्राह्मण हैं– ऐतरेय एवं कौषीतकि। इनमें सोमयाग, राजसूय, राज्याभिषेक का विवरण है। ऐतरेय के लेखक हैं– ऐतरेय महीदास और कौषीतकि के लेखक हैं– कहोड़ कौषीतकि। दोनों ब्राह्मण गद्य में है।

शुक्ल यजुर्वेद की दोनों शाखाओं का ब्राह्मण शतपथ ब्राह्मण है, परन्तु दोनों का स्वरूप पृथक–पृथक है। माध्यन्दिन शतपथ में 15 काण्ड एवं 100 अध्याय हैं। काण्वशतपथ में 17 काण्ड तथा 104 अध्याय हैं। इनमें दर्शपूर्णमास, पितृयज्ञ, उपनयन, स्वाध्याय आदि का वर्णन है। याज्ञवल्क्य सबसे प्रामाणिक ऋषि हैं, जिन्होंने सूर्योपासना से शुक्लयजुर्वेद की प्राप्ति की थी। कृष्णयजुर्वेद का ब्राह्मण तैत्तिरीय ब्राह्मण है। इसमें तीन काण्ड हैं, जिनमें अग्न्याधान, गवानयन तथा सौत्रामणि यज्ञों का वर्णन है।

सामवेद के कई ब्राह्मण हैं – ताण्ड्य, षडिवंश, जैमिनीय आदि! ताण्ड्य में लोक–कथाओं का वर्णन है। षड्विंश में चमत्कार एवं शकुनों का, जैमिनीय में वैज्ञानिक सामग्री का वर्णन है। इन ब्राह्मणों से भिन्न दैवत, आर्षेय, सामविधान, वंश छान्दोग्य भी सामवेद के ब्राह्मण हैं।

अथर्ववेद से सम्बद्ध गोपथ ब्राह्मण में सृष्टि, ब्रह्मा, ब्रह्मचर्य, गायत्री एवं (ब्रह्मा, विष्णु एवं शिव) का वर्णन हैं।

प्रश्न– आरण्यकों पर टिप्पणी लिखिए।

उत्तर – अरण्य (वन) में रचे जाने से आरण्यक कहलाते हैं। इनमें कर्मकाण्ड से भिन्न

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अध्यात्मवाद की चर्चा की गई। इन्हीं से मीमांसा, धर्मशास्त्र तथा कर्मवाद का विकास हुआ। आजकल सात आरण्यक उपलब्ध हैं। ऋग्वेद के आरण्यक हैं–ऐतरेय एवं कौषीतकि, यजुर्वेद के बृहदारण्यक, तैत्तरीयारण्यक, मैत्रायणी आरण्यक, सामवेद के जैमिनीय एवं छान्दोग्य है। सभी आरण्यकों में अपनी शाखाओं से सम्बद्ध वर्णनों के साथ–साथ संन्यास धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला गया है।

प्रश्न – उपनिषदों का परिचय देकर उनकी विषय–वस्तु पर प्रकाश डालिए ।

उत्तर – उपनिषद् दार्शनिक महत्व के कारण भारत एवं विदेशों में सर्वाधिक लोकप्रिय हैं। दाराशिकोह ने इनसे प्रभावित होकर फारसी में इनका अनुवाद किया था। फ्रांसीसी दार्शनिक 'शापेनहावेर' ने इनका महत्व बताते हुए कहा है–''उपनिषद् मेरे जीवन एवं मृत्यु में सान्त्वनादायक है।'' उपनिषद् मूल रूप में 12–13 थे, समयानुसार इनकी संख्या 100 तक पहुँच गई। वैदिक शास्त्रों से सम्बद्ध उपनिषद् इस प्रकार है :–

ऋग्वेद – ऐतरेय, कौषीतकि।

कृष्णयजुर्वेद – कठ, श्वेताश्वतर, मैत्रायणी तथा तैत्तरीय।

शुक्लयजुर्वेद – ईश, बृहदारण्यक।

सामवेद – छान्दोग्य, केन।

अर्थर्ववेद – प्रश्न, मुण्डक तथा माण्डूक्य।

उपनिषदों में गुरू–शिष्य संवादों के द्वारा प्राणादि की प्रतिष्ठा, सृष्टि की उत्पत्ति, विद्या एवं अविद्या का अंतर, जगत् एवं आत्मा तथा ब्रह्म–तत्व आदि विषयों को रोचक शैली में समझाया गया है। इनमें दृष्टान्तों का सहारा लिया गया है। इनमें गद्य, पद दोनों का प्रयोग है। बृहदारण्यक तथा छान्दोग्य का आकार बड़ा है। माण्डूक्योपनिषद् में केवल 12 तथा ईश में केवल 17 मंत्र हैं। कठोपनिषद् में यम एवं नचिकेता के संवाद द्वारा आत्मा के स्वरूप पर प्रकाश डाला गया है। सभी उपनिषदों में ब्रह्मज्ञान का महत्व बताते हुए जीव–जगत् एवं ब्रह्म में अभेद्य स्थापित किया गया है। उपनिष्दों में विदुषी मैत्रेयी तथा गार्गी के ज्ञान से स्त्रियों का भी पता चलता है। उपनिषदों के आधार पर जहाँ बादरायण व्यास ने ब्रह्मसूत्र की रचना की, वहॉ महाभारत के भीष्मपर्व में गीता के रूप में कर्म, ज्ञान का प्रतिपादन किया गया। सत्, चित् एवं आनन्द की सरल व्याख्या उपनिषदों का परम विषय रहा है। शंकराचार्य ने मुख्य 11 उपनिषदों पर भाष्य रचकर अद्वैतवाद की स्थापना की। वस्तुतः उपनिषद् दर्शन–शास्त्र के अमूल्य रत्न हैं।

प्रश्न – रामायण पर टिप्पणी लिखिए।

उत्तर – आदि कवि 'वाल्मीकि', 'रामायण' के रचयिता हैं। अनुश्रुति के अनुसार, वाल्मीकि ने व्याध द्वारा पुल्लिंग क्रौञ्च पक्षी को मारे जाते देखा, तो सहसा उनके मुख से यह श्लोक निस्सृत हुआ –

मा निषाद! प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौञ्चामिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

उन्होंने तभी विधाता की प्रेरणा से रामायण (रामचरित) लिखने का निर्णय ले लिया। रामायण में प्रकृति की अलौकिक छटा एवं कल्पना–शक्ति की उर्वरता के दर्शन होते हैं ।

रामायण में कुल सात काण्ड हैं–बालकाण्ड, अध्योध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, किष्किन्धाकाण्ड, सुन्दरकाण्ड, युद्धकाण्ड एवं उत्तरकाण्ड। प्रत्येक काण्ड में सर्गों द्वारा कथानक की समृद्धि की गई है। इसमें 24 हजार श्लोक हैं। इस महाकाव्य की लोकप्रियता विश्व–साहित्य में बेजोड़ हैं। अनुसन्धाताओं के अनुसार मूल रामायण में पाँच काण्ड ही थे, प्रथम एवं उत्तरकाण्ड बाद में प्रक्षिप्त अंशों के रूप में जोड़े गए हैं। पाठ–भेद, श्लोक संख्या–भेद, सर्ग–भेद के आधार पर रामायण के तीन संस्करण आज उपलब्ध हैं :–

1. उत्तर एवं दक्षिण भारत में प्रचलित लोकप्रिय संस्करण, 2. बंगला संस्करण तथा, 3. उत्तर–पश्चिम–भारत संस्करण। बडौदा से तीन संस्करणों की समीक्षा द्वारा रामायण का शुद्ध संस्करण तैयार किया है।

रामायण के रचनाकार के संबंध में भी अनेक मतों की समीक्षा के पश्चात् यही निष्कर्ष निकाला जाता है कि महाभारत में रामोपाख्यान का वर्णन होने से रामायण की रचना महाभारत के पूर्व हो चुकी थी। जैन तथा बौद्ध ग्रंथों में भी रामकथा के शुद्ध संकेत उपलब्ध हैं। अतः रामायण की रचना पाँचवी शताब्दी ई.पू. तक हो चुकी थी। वाल्मीकि ने अपनी रचना में राजा, प्रजा, पिता, माता, पुत्र सभी के आदर्श चरित्रों को उपस्थित किया है। अपने चरितनायक राम की सत्यवादिता, दृढसंकल्प, विद्वत्ता, शक्तिशालिता एवं धीरता आदि गुणों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया है। सीता का पातिव्रत्य, राम का भ्रातृप्रेम, भरत का आदर्श भ्रातृत्व सभी यहाँ सशक्त रूप से चित्रित हैं।

वाल्मीकि का प्रकृति वर्णन एवं उपमा हृदयग्राही है। इस काव्य के आधार पर ही दण्डी आदि ने सर्वप्रथम महाकाब्य का लक्षण निर्धारित किया। कालिदास, भारवि एवं माघ ने महाकाव्यों की रचना की। भास, भवभूति आदि ने नाटकों की रचना की। संस्कृत भाषा के ही नहीं आधुनिक भारतीय भाषाओं के कवियों ने भी वाल्मीकि से रामकथा लिखने की प्रेरणा प्राप्त की ।

प्रश्न – महाभारत का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

उत्तर – संस्कृत वाड्.मय में महाभारत के समान अन्य विशालकाय ग्रन्थ उपलब्ध नहीं हैं। एक लाख श्लोक होने से इसे शतसाहस्त्री संहिता भी कहते हैं। कौरवों एवं पाण्डवों की गाथा वाले इस ग्रन्थ में युग–गुगान्तर की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया गया है। इसे धर्मग्रंथ तथा पंचमवेद भी कहते हैं। विश्व–समादृत भगवद्गीता भी महाभारत का ही अंश है। इसके विषय में कहा जाता है–धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष के विषय में जो कुछ यहाँ उपलब्ध है वही अन्यत्र हैं, जो यहाँ नहीं है, वह अन्यत्र भी नहीं हैं।

महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास हैं। इन्हें कृष्ण द्वैपायन भी कहते हैं। महर्षि व्यास ने प्राचीन काल की गाथाओं का संग्रह कर इसकी रचना की थी । यह तीन चरणों में विकसित होकर वर्तमान रूप को प्राप्त हुआ है। (1) सर्वप्रथम 'जय' नामक संस्करण में 8800 श्लोक थे, जिसमें पाण्डवों की विजय का वर्णन किया है । (2) 'भारत' नामक दूसरे चरण में उपाख्यानों के न होने से 24000 श्लोक थे। इसमें युद्ध–वर्णन की ही प्रधानता थी । (3) शनैः–शनैः इसमें पूर्ववर्ती इतिहास अथवा

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

उपाख्यानों के सम्मिश्रण से इसे एक लाख श्लोकों का विश्वकोष बना दिया गया, जिसका नाम 'महाभारत' पड़ा।

महाभारत के उत्तर एवं दक्षिण के दो पाठ उपलब्ध हैं। इनमें श्लोक संख्या, अध्यायो के क्रम तथा आख्यानों के क्रम में पर्याप्त अंतर है। महाभारत का संशोधित संस्करण 'पूना' से प्रकाशित हुआ है । महाभारत में अठारह पर्व हैं–आदि, सभा, वन, विराट, आदि। इसमें कौरवों तथा पाण्डवों की उत्पत्ति से उनके स्वर्ग जाने तक का वर्णन है। बीच–बीच में पाण्डवों का विराट के यहाँ रहना, द्यूतक्रीडा, द्रौपदी का अपमान आदि रोचक प्रसंगों को समाविष्ट किया गया है ।

महाभारत का रचनाकाल ईस्वी सन् से 400 वर्ष पूर्व स्वीकार किया जाता है। ज्योतिष की गणना के आधार पर कलियुग के आरंभ में 3102 ई.पू. में इसकी रचना हुई। आश्वलायन गृह्यसूत्र (400 ई.पू.) में सर्वप्रथम इसका उल्लेख हुआ है । सांस्कृतिक दृष्टि से इस ग्रन्थ का अलौकिक महत्व हैं । बाण की दृष्टि से व्यास कव्य के निर्माता थे। मानव के धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की प्रक्रिया महाभारत में सर्वाधिक सुन्दर प्रकार से बताई गई है।

महाभारत का कथानक इस प्रकार है–कौरव–पाण्डव चचेरे भाई थे। पाण्डव कौरवों से अपना आधा राज्य प्राप्त कर राजसूय यज्ञ करते हैं। कौरव छल से पाण्डवों को जुए में परास्त कर, शर्त के अनुसार उन्हें 13 वर्ष के लिए वन भेज देते हैं । अंतिम वर्ष अज्ञातवास का था। पाण्डव अपनी शर्त पूरी कर लौटकर आधा राज्य माँगते हैं, परंतु कौरव–पाण्डवों को राज्य में हिस्सा देने से इन्कार कर दिया। अतः महाभारत का युद्ध प्रारंभ होता है। अठारह दिनों के युद्ध में कौरव नष्ट हो जाते हैं। युद्ध के प्रारंभ में अर्जुन अपने सगे–संबंधियों को सामने देख जब युद्ध नहीं करना चाहता, तो भगवान श्री कृष्ण कर्म की प्रेरणास्त्रोत जिस गीता का अद्भुत उपदेश उसे प्रदान करते है, वह विश्व में बेजोड है, अकल्पनीय है।

इस प्रकार महाभारत स्वयं में सम्पूर्ण साहित्य का रूप लिए हुए, सांस्कृतिक दृष्टि से एक अद्वितीय विश्वकोष हैं ।

प्रश्न – पुराणों का का संक्षिप्त परिचय देकर उनके महत्व पर प्रकाश डालिए।

उत्तर – पुराणों में प्राचीन गाथाओं का वर्णन पाया जाता है । तीसरी शताब्दी ई. पू. में पुराणों का जन्म प्रारंभ हो चुका था। इनका वर्ण्य विषय अत्यंत विस्तृत है। इनमें सभी विषयों का अतिशयोक्तिपूर्ण अतिरंजित वर्णन है। आलंकारिक होते हुए भी उनकी भाषा सरल है। कहीं–कहीं इनमें महाभारत के समय के गद्य का प्रयोग हुआ है। इनमें सबसे अधिक अनुष्टुप् छन्द का प्रयोग हुआ है। पुराण की परिभाषा इस प्रकार है :–

सर्गश्चप्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणिच।
वंशानुचरितं पुराणं पञ्च लक्षणम् ।।

अर्थात् सृष्टि, प्रलय के पश्चात् पुनः सृष्टि, राजाओं एवं ऋषियों के वंशों, मन्वन्तर (एक युग की सृष्टि का वर्णन) तथा प्रतापी राजाओं के वंशों का वर्णन पुराणों में प्राप्त हुआ है ।

परंतु सभी पुराणों में वर्ण्यविषय की समता का अभाव है । उपर्युक्त विषयों से भिन्न वर्णाश्रम

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

धर्म, कर्मकाण्ड, व्रत, तीर्थ, नदी आदि के माहात्म्य का अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन भी इनमें उपलब्ध होता है । पुराणों की शैली पर जैन एवं बौद्धों ने भी अपने ग्रन्थों की रचना की है । व्यास ही सभी पुराणों के रचयिता माने जाते हैं, परंतु सूर्यवंशी राजाओं के गुरु वशिष्ठ के समान इन पुराणों की रचना पृथक्–पृथक् युगों में हुई हैं । पुराण अठारह तथा उप पुराण भी अठारह हैं। पुराणों की तीन कोटियाँ– (1) ब्रह्मा से सम्बन्धित, (2) विष्णु से सम्बन्धित, तथा (3) शिव से संबंधित ।

1. **ब्रह्मा से सम्बद्ध** – ब्रह्म, ब्रह्माण्ड, ब्रह्मवैवर्त, मार्कण्डेय, भविष्य एवं वामन।
2. **विष्णु से सम्बद्ध** – विष्णु, भागवत, नारद, गरूड एवं वराह।
3. **शिव से सम्बद्ध** – शिव, लिंग, स्कन्द, अग्नि, मत्स्य एवं कूर्म।

उपपुराणों का नामकरण भिन्न–भिन्न हैं । कुछ प्रसिद्ध उप पुराण हैं–नृसिंह, नारद, कालिका, साम्ब, पराशर एवं सूर्य ।

सभी पुराण आगामी लेखकों के लिये प्रेरणास्त्रोत बने हैं । प्राचीन भारत के राजनैतिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक ज्ञान के लिए पुराणों का अध्ययन अनिवार्य है । विदेशी विद्वान् पार्जिटर ने पुराणों के गहन अनुसन्धान से वंशावलियों की खोज की है। इन पुराणों ने ही भारत के जन–जन में धार्मिक विश्वासों को उत्पन्न किया है। स्वर्ग एवं नरक की परिकल्पना से मानव मात्र को पुराण–साहित्य ने ही सदाचार एवं शिष्टचार की शिक्षा दी है। एल.टी. सी. (अवकाश–यात्रा की छूट) के समान पुराणों ने तीर्थयात्रा–भ्रमण के बहाने राष्ट्रीय एकता को बनाने में सर्वाधिक सहयोग दिया है । पुराणों के रचयिताओं ने ज्ञान–विज्ञान की सम्पूर्णसामग्री का चित्रण कर, पुराणों के पठन एवं श्रवण के महत्व को बताकर सभी सम्प्रदायों को एकत्रित रहने की औपचारिक शिक्षा प्रदान की है । इन पुराणों का वस्तुतः ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक महत्व है ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com